


# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!




Vol. 12 Issue No. 24 Faridabad (NCR) Tuesday, 16-31 January 2024 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 Page : 8


# गणतंत्र दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री ने किया ध्वजारोहण

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा फरीदाबाद में 75 वें गणतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सबसे पहले सेक्टर-12 के शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हेलीपैड ग्राउंड में जिला स्तरीय 75 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया।

विभिन्न विभागों और कंपनियों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया गया। अंत में सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले प्रशासनिक तथा पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों तथा समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया, सीपी राकेश आर्य, डीसी विक्रम सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण जाखड़, एडीसी आनन्द शर्मा सहित कैबिनेट परिजन, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिवार जन व वीरांगना और अन्य उपस्थित रहे।





### विधायक ने उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण

विधायक सीमा त्रिखा ने बड़खल के दशहरा ग्राउंड में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण करने उपरान्त उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।वहीं उपमण्डल स्तरीय 75 वें गणतंत्र समारोह में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों और समाज सेवकों को भी प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया। विचारधारा सीमा त्रिखा ने अपने सम्बोधन में कहा कि 74 वर्ष पूर्व सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को एक समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। आज इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव रूमा सहित संविधान सभा के अध्यक्ष सदस्यों को नमन करता हूं। आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है।



समारोह में जवाहर कॉलोनी के सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रीराम के गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। स्टेज संचालन कर रहे डॉ एम पी सिंह और मंच पर बैठे अधिकारी के साथ विधायक ने सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल के विद्यार्थियों की स्टेज से प्रशंसा की और कहा कि जैसा स्कूल का नाम वैसा ही मनमोहक विद्यार्थियों का नृत्य रहा है। स्कूल को ट्राफी और प्रशंसा पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल की ट्राफी और प्रशंसा पत्र लेने मंच पर विद्यार्थियों के साथ स्कूल के प्रिंसिपल विक्रम सिंह राठौर, वाइस प्रिंसिपल ज्योति कोहली और अध्यापक शिखा पहुंचे।

उप मण्डल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलो के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विधायक सीमा त्रिखा ने इस अवसर पर एसडीएम अमित मान, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिवार जन और अधिकारी, कर्मचारी अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे हैं।





























# भारत के प्राण की प्रतिष्ठा!

Ayodhya/Alive News

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजिंत इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अब अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मन्दिर में पुर्नस्थापित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निषान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मंस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, '' राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवष्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी-जान से जुटा है। कुछ धर्माचार्य भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं। शाश्वत राष्ट्रीय अस्मिता को तात्कालिक और राजनीतिक हानि-लाभ की दृष्टि से देखा जा रहा है। वास्तव में, कपटी और विकृत सिद्धांतकारों की परेशानी सहज और स्वाभाविक है। कई दशकों की उनकी दुकान के उठ जाने की सबल संभावना कोई सामान्य घटना नहीं है। उनके शब्द चुक गए हैं। प्रयोग में लाये नये शब्दों की शब्द शक्ति समाप्त हो गई है। वे अपनी पुरानी और सतही अवधारणाओं के बंधुआ श्रमिक हैं। किसी नये शब्द संसार की सृष्टि कर पाना अब उनके लिए संभव नहीं है। इन सभी ने गांधीवाद को बेच खाया। इनका समाजवाद पिट गया। पूंजीवाद का संताप भोग रहे देशों की दुर्दशा सबके सामने है। उनके सामने समस्या है कि क्या कहें, क्या करें? नश्वर को अनश्वर ओर समय सापेक्षता को सनातनता मानकर की गई भूल का परिमार्जन करने का उनमें साहस भी नहीं है। यही कारण है राष्ट्रीय संताप को समाप्त करने का अभियान अयोध्या से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रीय अस्मिता राम रथ पर सवार होकर सोमनाथ से अयोध्या की ओर चली तो इन छद्मवेशियों के मोहल्ले में कोहराम मच गया। जिस दल की वैचारिक धारा में देश के सभी नागरिक समान रूप से शामिल नहीं होंगे, वह दल विकल्प नहीं बन सकता। वह देश का हित भी नहीं कर सकता। देश किसी छोटे-बड़े प्रतिशत का नहीं, उस शत प्रतिशत का होता है जो इसके प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध, बिना शर्त और सहजभाव से समर्पित होते हैं। देश की आबादी के इस सहज समर्पण को ही राष्ट्रीयता की संज्ञा प्रदान की गई। देश की आबादी का हर वह अंश जो असहज हो, अपने विषय में अलग से सोचता हो, केवल अपने हित को ही राष्ट्रहित समझता हो, अराष्ट्रीय है। इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और इसका पालन पोषण करने वाले सभी लोग अराष्ट्रीयता को बल प्रदान करने के अपराधी हैं। राष्ट्र का घायल स्वाभिमान, आहत मन, टूटा विश्वास, अपमानित इतिहास और कुंठित राष्ट्रीय अस्मिता के परिमार्जन का दैवीय अवसर उपस्थित है। परमात्मा द्वारा प्रेरित ईश्वरीय कार्य सम्पन्न करने का सौभाग्यशाली क्षण 22 जनवरी को वह मुहूर्त होगा जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अपने पूर्वजों की पराजय को विजय में बदलने और बलिदानों को मूल्य चुकाने के लिए इस राष्ट्रीय दायित्व का जो लोग निर्वाह करेंगे वे भविष्य में कलेजे का रक्त बनेंगे। वे इतिहास के प्राणवान पृष्ठ लिखेंगे राष्ट्रीय गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की यह कथा इतिहास के पन्नों पर सोने का शब्द बनकर उभरेंगे और तभी वास्तविक स्वाधीन भारत राष्ट्र का पुनर्जन्म होगा। गांधी के रामराज्य का सूत्रपात नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रथम आरती करेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में रामराज्य आने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ देश का अर्थशास्त्र भी जुड़ा है। भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। अयोध्या अब राजनीति का भावी स्वरूप निर्धारित करेगी। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण में निहित है। विश्व के कई देशों में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलंबी तो राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं ही ,अनेक ऐसे देश भी इसमें सहभागिता दे रहे हैं जो अन्य किसी धर्म का पालन करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि श्री राम की स्वीकार्यता पूरे विश्व में है। उस दृष्टि से 22 जनवरी की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर दुनिया भर में फैले असंख्य सनातनियों की आस्था और आकांक्षा का अभिनव केंद्र बनेगा, इसमें किसी को संदेह नहीं है। राममंदिर किसी की आस्था पर आक्रमण नहीं, भारत की अस्मिता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर है। राम मंदिर देश और अयोध्या में अनेक हैं, अनेक और मंदिर बनाए जा सकते हैं किंतु राम जन्मस्थान एक ही हो सकता है, अनेक नहीं। इस पवित्र राष्ट्रीय स्थान पर राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप एक मंदिर बनना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की गारन्टी ही नहीं, भारत की पहचान का प्रमाणपत्र भी है।





# राम रंग में रमा पूरा देश, हर तरफ उत्साह का माहौल

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में दीपोत्सव, पीएम मोदी ने भी जलाए दिए

Ayodhya/Alive News

500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भगवान राम भक्त मंदिर में विराजमान हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मौजूद रहे। यह कार्यक्रम फिल्म, खेल, राजनीतिक और उद्योग जगत के प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सभी ने बाद में श्री राम मंदिर के दर्शन भी किए। इसके बाद से पूरे देश में लगातार उत्साह का माहौल है। ऐसा लग रहा है मानो दिवाली फिर से मनाई जा रही है। लोगों ने अपने घरों को सजाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भगवान राम की





तस्वीरों के सामने दिए जलाए। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर फोटो को साझा किया है और राम ज्योति लिखा है। अयोध्या में भी पूरी तरीके से उत्साह का माहौल है। अयोध्या में सरयू तट किनारे दीपोत्सव मनाया गया। इसके अलावा अयोध्या पूरी तरीके से भव्य रूप में सजा हुआ दिखाई दे रहा है। अयोध्या में दीपोत्सव चरम पर है। अयोध्या में खुद योगी आदित्यनाथ में मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए अपने आवास पर तेल के दीपक जलाए। अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गुजरात के अहमदाबाद में एसजीवीपी गुरुकुल में दीये और पटाखे जलाए गए। अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद बेंगलुरु के इस्कॉन मंदिर में तेल के दीपक जलाए गए। अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के बाद पटना में भक्तों ने दीपोत्सव मनाया। अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद तिरुवनंतपुरम में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के सामने दीये जलाए गए। हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने कहा कि जैसे भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या आए थे, उसी तरह प्राण प्रतिष्ठा की गई है। हम दिवाली मना रहे हैं। मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने परिवार के साथ दिल्ली में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए राम ज्योति जलाई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम का चित्रण करने वाला लेजर और लाइट शो का आयोजन किया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार में हर की पौड़ी पर दीपोत्सव और गंगा आरती में शामिल हुए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के सरयू घाट पर संध्या आरती की गई। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लंगर परोसा। नेपाल के जनकपुर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाया गया।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## भगवान राम किसी राजनीतिक दल के नहीं बल्कि संपूर्ण संसार की आस्था के प्रतीकः नीरज शर्मा

Faridabad/Alive News

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और स्वंय मैं भी साल में दूसरी बार रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए, लेकिन बीजेपी वाले सिर्फ भगवान राम के नाम पर राजनीति करते रहे। यह कहना है राम कथावाचक एवं कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा का। उन्होंने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा मई 2023 में भी रामलला के दरबार में माथा टेकने गए थे और अब मकर संक्रांति के मौके पर उन्होंने भगवान राम के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और रामलला से देश व प्रदेश में शांति, उन्नति व भाईचारे की प्रार्थना की।



नीरज शर्मा ने कहा कि भगवान राम किसी राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि संपूर्ण संसार की आस्था के प्रतीक हैं। उनके नाम पर राजनीति करना धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। हरियाणा की आस्था, संस्कृति और संबोधन में राम बसे हैं। हरियाणा में बच्चों को सबसे पहले हाय, हेल्लो या नमस्ते की बजाए राम-राम करना सिखाया जाता है। यहां किसान, मजदूर, व्यापारी हरेक काम की शुरुआत राम का नाम लेकर करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसजन 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के जरिए पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचा रही है। जनता आज हुड्डा साब के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार और मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली 10 साल की सरकार के कामों की तुलना कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकाल में हुए कार्यों के मुकाबले बीजेपी-जेजेपी दूर-दूर तक कहीं नहीं ठहरती। इसीलिए बीजेपी अब सिर्फ धार्मिक एजेंडे की आड़ में अपनी नाकामियों को छिपा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के समापन समारोह में राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रुप में की शिरकत

Faridabad/Alive News

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रय ने कहाकि महिलाएं शिक्षित होंगी तो देश व समाज आगे बढ़ेगा। महिलाओं को भी हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए। हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के आयोजन के दूसरे दिन समापन समारोह में महामहिम राज्य पाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत तरीके से दीप प्रज्वल्लित करके किया गया।स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। उन्होंने हरियाणा महिला आयोग की चैरपेर्सन रेनू भाटिया की तारीफ़ करते हुए कहाकि हरियाणा महिला आयोग रेनू भाटिया के मार्दर्शन में गाँव गाँव जाकर विभिन्न विषयों पर काम करके सराहनीय कार्य कर रहा हैं। इस अवसर पर महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने अपने एक वर्ष में किये गए कार्यो का ब्रोशर लॉन्च किया।

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने फ़रीदाबाद में चल रहे दो दिवसीय सम्मेलन में देश विदेश से आयी महिलाओं के काम की सराहनीय प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश नारी के सम्मान की धरती है। इस प्रदेश को मां सरस्वती का वरदान प्राप्त है। इस प्रदेश की महिलाओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। समाज में महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाना



चाहिए क्योंकि आज के समय में महिला हर क्षेत्र में आगे है चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेल का। महेंद्रगढ़ यूनिवर्सिटी में 24 में से 18 गोल्ड मैडल महिलाओं ने प्राप्त किए जोकि महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण है। भारत के हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह एक महिला को उसके मूल अधिकार 'जीने के अधिकार' का अनुभव करने दें।कार्यक्रम में अंत में विभिन्न संस्थाओं को सम्मानित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, महिला एवम बाल विकास की डायरेक्टर मोनिका मालिक, महिला एवम बाल विकास की कम्मीशनर अमनीत पी कुमार, एडीसी आनंद शर्मा, सीटीएम हरिराम, सुश्री साक्षी दहिया, ब्रह्माकुमारी डॉक्टर बिन्नी सरीन, चंडीगढ़ ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की सदस्य धनंजय चौहान, बाइकर गुरुग्राम सुश्री निहारिका यादव, पर्वतारोही एवं ओएसडी सीएम एमएस अनिता कुंडू, नेपाल ट्रेकिंग बहन लकी और छेत्री, शक्ति समूह नेपाल, नेलोफर करीमभोय पूर्व ऑक्सफोर्ड छात्र संघ नेता रश्मि सामंत, ऑस्ट्रेलिया रश्मि खन्ना हैदराबाद, एमएस सरला कॉर्पोरेटर भी मौजूद रही।

# डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल में राम मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन

Faridabad/Alive News

डायनैस्टी इंटरनेशनल विद्यालय ने प्रधानाचार्य नितिन वर्मा के दिशा-निर्देशन में 22जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया। इस भक्तिमय कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या एवं सह-संयोजिका केदीप-प्रज्ज्वलन के माधयम से हुआ।

विद्यालय के आचार्य उपमन्यु योगेन्द्र एवं संगीत विभाग के शिक्षकों के द्वारा सुन्दरकाण्ड का गायन किया गय। जिसमें सम्पूर्ण शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। अत्यंत मधुर गायन एवं विभिन्न वाद्ययंत्रों के माधयम से जैसे ही पाठ का आरम्भ हुआ सम्पूर्ण सभागार का माहौल भक्तिपूर्ण हो गया। आचार्य पाठ के मध्य में जिस प्रकार हनुमान जी की राम-भक्ति की महिमा का गायन एवंकथा का विवरण किया वह कर्णप्रिय तथा मधुरता से परिपूर्ण था।



सुन्दरकाण्ड के इस पाठ के आयोजन से सभी विद्यार्थीगण अति-उत्साही थ। विद्यालय का सभागार 'जय श्री राम' के नारों से गुंजायमान हो रहा था। सम्पूर्ण विद्यालय में राम-भक्ति की एक लहर दौड़ गई,सभी विद्यार्थियों ने इस पाठ के माध्यम से मानव जीवन की वास्तविकता एवं सत्य का ज्ञान प्राप्त किया। जीवन में प्रभु,गुरुजनों एवं माता-पिता के महत्तव को समझा। अंत में रामायण जी' एवं 'हनुमान जी' की आरती के पश्चात् सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। इस प्रकार भक्तिमय वातावरण में पाठ का समापन हुआ।

## प्रभु श्री राम हमारे प्रेरणा हमारी आस्था : विजय प्रताप सिंह

Faridabad/Alive News

कांग्रेस नेता विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह ने सोमवार को शहर में अलग-अलग स्थान पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहर वीडियो पर प्रभु राम जी की कृपा बरसाने की प्रार्थना की। विजय प्रताप ने दो नंबर स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, शिव दुर्गा विहार, एसजीएम नगर, एनआईटी 1 एफ ब्लॉक, एनआईटी 1 एच ब्लॉक, लक्कड़पुर मथरू डेरा, सेक्टर 48, पटेल चौक एवं बन्नूवाल बिरादरी द्वारा रोज गार्डन में आयोजित भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शिरकत की और भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया। विजय प्रताप ने कहा कि आज पूरे देश में भगवान श्री राम की धूम मची है। देश के कोने-कोने से लोग भगवान श्री राम उत्सव में शामिल हो रहे हैं। फरीदाबाद शहर प्रभु श्री राम के आगमन में अयोध्या की तरह सजा है। आज शहर के लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में जो राम भक्ति का जो माहौल बनाया है वह वाकई में काबिले तारीफ है। शहर में लोगों ने जगह जगह उत्सव एवं भंडारों का आयोजन किया हुआ है। कोने-कोने से प्रभु जय श्री राम के नारे गूंज रहे



हैं। शोभा यात्राएं एवं रथ यात्रा निकाली जा रही हैं और ऐसा अनोखा सुंदर माहौल देखने को मिल रहा है। मन पूरी तरह से प्रभु राम की भक्ति में लीन होने को कर रहा है। विजय प्रताप ने कहा कि प्रभु श्री राम हमारे प्रेरणा है हमारी आस्था है हमारे दिलों में बसते हैं। प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कि उन्होंने सभी शहर वासियों को शुभकामनाएं दी।

## जी.बी. स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव




Faridabad/Alive News

तिलपत स्थित जी.बी. पब्लिक स्कूल में सोमवार को भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

स्कूल के चेयरमैन शिव कुमार पराशर, प्रबंधक आनंद पराशर और प्रधानाचार्य कुमार भारती के द्वारा दीप प्रजव्लित कर उत्सव की शुरुआत की गई।

इसके बाद संपूर्ण राम कथा की प्रस्तुति, अध्यापकों के सहयोग से संस्कृत कला में निपुर्ण विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। शिक्षण संस्थान द्वारा इस अवसर पर पूरे भारतवर्ष को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनांए दी गई।

## मानव संस्कार पब्लिक स्कूल में राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठ महोत्सव के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन

Faridabad/Alive News

मानव संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन स्कूल के प्रांगण से किया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवी और आठवीं के विद्यार्थी आयोजित रैली का हिस्सा बनें। इस महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमो द्वारा अपनी परंपराओं के प्रति अपने श्रद्धा सुमन व्यक्त किये।

इस उपलक्ष्य पर स्कूल के प्रांगण मे राम भजन, श्री राम स्तुति और श्री राम लला की आरती का आयोजन भी किया गया। मुख्य निदेशक श्री योगेश शर्मा इस महत्वपूर्ण घटना को संबोधित करते हुए कहा, 'मानव संस्कार पब्लिक स्कूल ने धार्मिक संस्कृति के मूल्यों के प्रति अपनी समर्पण को साबित किया है। इस महोत्सव के माध्यम से हमने अपने विद्यार्थियों को धार्मिक समझ, सजीवता और एकता की भावना से जुड़ा हुआ देखा है।'

स्कूल की प्रधानाचार्य कौमुदी भारद्वाज ने भी इस अद्वितीय प्रयास की



सराहना की और कहा, 'हमारे विद्यार्थियों ने इस उत्सव में भाग लेने के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा दिया है।'

इस सामाचारिक घटना ने स्थानीय समुदाय में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि की भावना को मजबूत किया है। रैली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने इस समारोह को एक यादगार और महत्वपूर्ण क्षण बना दिया है।

# 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग में दिए निर्देश

Faridabad/Alive News

पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने कहा कि इस बार का 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। सिन्हा मंगलवार को सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।



सिन्हा ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस बार के मेले में अधिक विदेशी कलाकार एवं मेहमान आएंगे। ऐसे में हमें उनके रूकने सहित सभी व्यवस्थाएं उसी ढंग से करनी होंगी। उन्होंने बताया कि मेले में एक हजार से ज्यादा स्टाल तैयार किए गए हैं ऐसे में इतने ही क्राफ्ट्समैन इस मेले में शिरकत करेंगे। इस बार मेला में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडक़ों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों।

इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। पुलिस विभाग मेले की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करेगा। इस दौरान मेले में सुरक्षा के लिए 100 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे जिससे इनकी संख्या बढ़कर 350 हो जाएगी। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

प्रिसीपल सेक्रेटरी एमडी सिन्हा ने बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान है और विश्व का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट का मेला भी है। ऐसे में सभी विभागों को तालमेल के साथ कार्य करें। ताकि जिला फरीदाबाद और हरियाणा के नाम को विश्व पटल पर बेहतर अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के क्रियान्वयन के लिए अमिट छाप मिले।

मेला स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त डिस्पेंसरी भी बनाई जाएं और अलग अलग सैक्टरो में एंबुलेंस लगातार यहां ड्यूटी पर रहें। इसके अलावा मोबाईल एटीएम व विदेशी मुद्रा बदलने की सुविधा भी हो। मेला स्थल पर अस्थाई डाकघर भी स्थापित किया जाए। मेला में प्रतिदिन कितने पर्यटक आएंगे, पार्किंग में कितने वाहन हैं, टिकट बुकिंग व अन्य व्यवस्थाओं के लिए एक ऐप भी विकसित किया जाए। इस बार मेले में पिछली बार से ज्यादा स्टाल ही रखे गए हैं।मीटिंग में पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



T.R. GENERATORS
DEALS IN
5KVA TO 300 KVA
All Types Diesel Engine Repairing
Hire, Sale & Purchase
Works : Jeewan Nagar, Part-II, Near Baba Balaknath
Dharm Kanta, Sohna Road, Faridabad
Email : tilak011@gmail.com. www.trgenerators.in



# तिरंगा फहराने से पहले जरूरी खास बातें

तिरंगा भारत के राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। सभी के मार्गदर्शन और हित के लिए भारतीय ध्वज संहिता–2002 में सभी नियमों, रिवाजों, औपचारिकताओं और निर्देशों को एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। ध्वज संहिता–भारत के स्थान पर भारतीय ध्वज संहिता–2002 को 26 जनवरी 2002 से लागू किया गया है। यह है तिरंगा फहराने का सही तरीका –

- जब भी तिरंगा फहराया जाए तो उसे सम्मानपूर्ण स्थान दिया जाए। उसे ऐसी जगह लगाया जाए, जहां से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे।
- सरकारी भवन पर तिरंगा रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में भी सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराया जाता है, विशेष अवसरों पर इसे रात को भी फहराया जा सकता है।
- तिरंगे को सदा स्फूर्ति से फहराया जाए और धीरे–धीरे आदर के साथ उतारा जाए। फहराते और उतारते समय बिगुल बजाया जाता है तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि तिरंगे को बिगुल की आवाज के साथ ही फहराया और उतारा जाए।
- तिरंगे का प्रदर्शन सभा मंच पर किया जाता है तो उसे इस प्रकार फहराया जाएगा कि जब वक्ता का मुंह श्रोताओं की ओर हो तो तिरंगा उनके दाहिने ओर हो।
- जब तिरंगा किसी भवन की खिड़की, बालकनी या अगले हिस्से से आड़ा या तिरछा फहराया जाए तो तिरंगे को बिगुल की आवाज के साथ ही फहराया और उतारा जाए।
- तिरंगा किसी अधिकारी की गाड़ी पर लगाया जाए तो उसे सामने की ओर बीचोंबीच या कार के दाईं ओर लगाया जाए।
- फटा या मैला तिरंगा नहीं फहराया जाता है।
- जब तिरंगा फट जाए या मैला हो जाए तो उसे एकांत में पूरा नष्ट किया जाए।
- तिरंगा केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है।
- किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय तिरंगे से ऊंचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, न ही बराबर में रखा जाएगा।
- तिरंगे पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए।



# 26 जनवरी की परेड

26 जनवरी की परेड राजपथ के राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक मार्च करती है। चलिये अब मैं आपको इस परेड की कुछ खासियत बताता हूँ सबसे पहले, राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज को फहराते है। जिसके साथ ही भारत का राष्ट्रीय गान बजाया जाता है, और एक 21–तोपों की सलामी दी जाती है।

राष्ट्रपति क्षेत्र में अपने असाधारण साहस के लिए सशस्त्र बलों से लोगों को बहादुरी के पदक प्रदान करने के लिए आगे आते हैं और जिन्होंने अलग–अलग परिस्थितियों में वीरता के अपने अलग–अलग कार्यों से खुद को प्रतिष्ठित किया है, उनको पुरस्कार से नवाजते हैं। इसके बाद सेना, नौसेना और वायु सेना की कई रेजिमेंटों के साथ उनके बैंड के साथ मार्च किया जाता है, जिसकी प्रैक्टिस यह सेना न जाने कितने समय पहले से करती हैं। उसके उपरांत विभिन्न राज्यों की झांकी उनकी संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई उसी राजपथ से निकलती हैं।

एक बीटिंग रिट्रीट समारोह परेड के अंत का प्रतीक है। परेड पारंपरिक रूप से सशस्त्र बलों और नागरिक सुरक्षा सेवाओं की मोटरसाइकिल इकाइयों और भारतीय वायु सेना के जेट विमानों और हेलीकॉप्टर द्वारा एक फ्लाईपास्ट की हिम्मत शैतान मोटर साइकिल की सवारी के प्रदर्शन के साथ समाप्त होती है। हर साल 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का आयोजन किया जाता है। यदि आप परेड देखना चाहते हैं तो आप भी टिकट खरीद कर परेड देखने के लिए 26 जनवरी को लाल किला जा सकते हैं, यकीनन ही आपको बहुत आनंद आएगा।

प्रत्येक इंसान का हर काम को करने का अपना एक तरीका होता है, ठीक इसी तरह से त्योहार भी हम अपने ढंग से मनाना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को नए कपड़े और मिठाई खाना पसंद है, तो वही कुछ लोग त्योहार को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मनाना पसंद करते हैं, वहीं कुछ तो इसे एक आम दिन की तरह ही व्यतित करते हैं। क्योंकि गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय त्योहार है, झण्डा फहराने, राष्ट्रीय गीत गाना, देशभक्ति गानों पर नृत्य परस्तुति, देशभक्ति गाने, गीत एवं कविताएं का हमारे देश में काफी प्रचलन है।





# हमारा गणतंत्र हमारा अभिमान

**भारत विविध धर्मों, आस्थाओं और संस्कृतियों का देश है और यहां हर दिन कोई न कोई त्यौहार मनाया जाता है। हर धर्म को मानने वाले लोग पूरे उल्लास के साथ अपने पर्व मनाते हैं, लेकिन कुछ त्यौहार ऐसे भी हैं, जो प्रत्येक देशवासी के लिए महत्वपूर्ण हैं और पूरे देश में सम्मान और स्नेह के साथ मनाए जाते हैं। 26 जनवरी भी एक ऐसा ही दिन है, जो देश का राष्ट्रीय पर्व है। देश का हर नागरिक चाहे वह किसी धर्म, जाति या संप्रदाय से ताल्लुक रखता हो, इस दिन को राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर मनाता है। 26 जनवरी को पूरा देश गणतंत्र दिवस मनाएगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजपथ पर देश की सांस्कृतिक विविधता में एकता और सैन्य ताकत की झलक दिखाई देगी।**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, और यदि आप भी मेरी ही तरह इस महान देश के नागरिक हैं तो यकीनन ही यह ज्ञात होगा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही भारत के प्रत्येक वर्ग के नागरिक को अपना नेता वोट देने की प्रक्रिया को फॉलो करते हुए खूद चुनने का अधिकार है और उसके उपरान्त वो नेता अपने साथ कार्यरत नेता के साथ भारत देश की जनता के विकास के लिए कार्य करते हैं।

दोस्तों, आइए आज मैं आपको देश के लोकतांत्रिक देश बनने के सफर के बारे में थोड़ी जानकारी देता हूँ, यदि आपको इतिहास विषय पसंद है तो यकीनन ही आपको 26 जनवरी का इतिहास पढ़ने में अच्छा लगेगा। 1947 में जब देश के स्वतंत्रता सेनानियों के लगातार परिश्रम से भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली, तब सवाल खड़ा हुआ कि देश का प्रधानमंत्री किसको बनाया जाए?

हमारे भारत में राष्ट्रीय भावी प्रधानमंत्री के गद्दी लिये 1947 में ही मतदान हुआ था, तो उसी समय से भारत वासियों ने वोट देना शुरू कर दिया था। फर्क सिर्फ इतना था उन दिनों पुरुषों को ही मत देने का अधिकार था, औरते इसमें हिस्सा नहीं लेती थी। मतदान में दो कॉंग्रेस नेता ने हिस्सा लिया था और जब परिणाम सामने आया तो सरदार पटेल अर्थात भारत के आयरन मैन सरदार वल्लभ भाई पटेल को सर्वाधिक मत मिले। उनके बाद सर्वाधिक मत आचार्य कृपलानी को मिले थे। किन्तु गांधी जी के कहने पर सरदार पटेल और आचार्य कृपलानी ने अपना नाम वापस ले लिया और जवाहरलाल नेहरू को भारत के आजाद होने के बाद पहला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। 1947 से पूर्व जब भारत में अग्रेज शासन कर रहे थे जब देश में लोकतंत्र नहीं था, और यही कारण था देश के बड़े नेता ने मिल कर सहमति से यह फैसला लिया था कि स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक बनाया जाएगा। आजादी के कुछ दिन पश्चात 29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा में डॉ बी आर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया जिसके तहत अंबेडकर को भारत के लिए एक संविधान तैयार करने के लिए कहा गया।

संविधान पर विचार–विमर्श करते हुए, विधानसभा ने कुल 7,635 में से 2,473 संशोधनों को स्थानांतरित किया। भारत का संविधान 26 नवंबर, 1949 को बन कर तैयार हुआ और अपनाया गया था और माननीय सदस्यों ने 24 जनवरी, 1950 को इस पर अपने हस्ताक्षर किए।

284 सदस्यों ने वास्तव में संविधान पर हस्ताक्षर कर उसे अपनाया, उस दिन जब संविधान पर हस्ताक्षर किया जा रहा था तब इसे एक अच्छे शगुन के संकेत के रूप में देश की जनता के सामने इसकी व्याख्या की गई थी। भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, और तब से भारत के सभी देशवासियों के लिए एक ही नियम और मौलिक अधिकार दिए गए और यह माना गया कि सब समान हैं और 26 जनवरी को प्रतिवर्ष हमने गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना आरंभ कर दिया।

राष्ट्रीय पर्व होने के कारण गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यालयों, विश्वविद्यालयों एव ऑफिस में विभिन्न प्रकार 26 जनवरी पर ड्राइंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाता है, जो विद्यार्थी इच्छुक होते है वो अपने आप को हिस्सेदार के रूप में प्रस्तुत करते हैं और बढ़ चढ़ के अपने कला का प्रदर्शन करते हैं। वैसे तो महामारी ने हमे बांध के रख दिया है लेकिन एक तरफ यह भी सत्य है कि कुछ भी रुक नहीं पाया है, दुनिया अपनी तेजी से चल रही है और आगे बढ़ती जा रही है। यदि आने वाले गणतंत्र दिवस पर आपके भी विद्यालय में इस तरह का कोई कॉम्पीटीशन का आयोजन हो रहा है, और आपको अपने घर से ही पोस्टर बना के उसकी तस्वीर ऑनलाइन सोशल मीडिया के माध्यम से अपने शिक्षक के साथ शेयर कर दिखाना है तो आप नीचे दिए गए इमेज कि मदद ले सकते हैं और यकीनन ही आप कोई स्थान भी प्राप्त कर सकते हैं।

पहला गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी 1950 को आयोजित किया गया था, जिसमें उस समय के इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि के रूप में आए थे। उस परेड के फ्लाईपास्ट में हार्वर्ड, समेकित बी –24 लिबरेटर्स, डकोटा, हॉकर टेम्पेस्ट, स्पिटफायर और जेट विमानों जैसे विमान शामिल थे और कुल मिला कर सौ से अधिक विमान उस परेड में शामिल थे। दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड भारत में गणतंत्र दिवस समारोह को चिह्नित करने वाली सबसे बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण परेड है। परेड हर साल 26 जनवरी को राजपथ, नई दिल्ली में होती है। दोस्तों राष्ट्रीय त्योहार होने के कारण यह बहुत बड़े लेवल पर भारत में मनाया जाता है और गणतंत्र दिवस समारोह में परेड एक मुख्य आकर्षण का हिस्सा है, जो 3 दिनों तक चलता है।

# वंदे मातरम की अमर कहानी

*वन्दे मातरम!*
*सुजलाम, सुफलाम मलयज–शीतलाम*
*शस्यश्यामलाम मातरम!*
*वन्दे मातरम!*
*शुभ्र ज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम*
*फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम*
*सुहासिनीम सुमधुरभाषिणीम*
*सुखदाम, वरदाम, मातरम!*
*वन्दे मातरम ! वन्दे मातरम !*

ब्रिटिश शासन के दौरान देशवासियों के दिलों में गुलामी के खिलाफ आग भड़काने वाले सिर्फ दो शब्द थे– 'वंदे मातरम'। आइए बताते हैं इस क्रांतिकारी, राष्ट्रभक्ति के अजर–अमर गीत के जन्म की कहानी –

बंगाल के महान साहित्यकार श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के ख्यात उपन्यास 'आनंदमठ' में वंदे मातरम का समावेश किया गया था। लेकिन इस गीत का जन्म 'आनंदमठ' उपन्यास लिखने के पहले ही हो चुका था। अपने देश को मातृभूमि मानने की भावना को प्रज्वलित करने वाले कई गीतों में यह गीत सबसे पहला है। 'वंदे मातरम' के दो शब्दों ने देशवासियों में देशभक्ति के प्राण फूँक दिए थे और आज भी इसी भावना से 'वंदे मातरम' गाया जाता है। हम यों भी कह सकते हैं कि देश के लिए सर्वोच्च त्याग करने की प्रेरणा देशभक्तों को इस गीत से ही मिली। पीढ़ियाँ बीत गई पर 'वंदे मातरम' का प्रभाव अब भी अक्षुण्ण है।

'आनंदमठ' उपन्यास के माध्यम से यह गीत प्रचलित हुआ। उन दिनों बंगाल में 'बंग–भंग' का आंदोलन उफान पर था। दूसरी ओर महात्मा गाँधी के असहयोग आंदोलन ने लोकभावना को जाग्रत कर दिया था। बंग भंग आंदोलन और असहयोग आंदोलन दोनों में 'वंदे मातरम' ने प्रभावी भूमिका निभाई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए यह गीत पवित्र मंत्र बन गया था।

बंकिम बाबू ने 'आनंदमठ' उपन्यास 1880 में लिखा। कलकत्ता की 'बंग दर्शन' मासिक पत्रिका में उसे क्रमश: प्रकाशित किया गया। अनुमान है कि 'आनंदमंठ' लिखने के करीब पाँच वर्ष पहले बंकिम बाबू ने 'वंदे मातरम' को लिख दिया था। गीत लिखने के बाद यह यों ही पड़ा रहा। पर 'आनंदमठ' उपन्यास प्रकाशित होने के बाद लोगों को उसका पता चला। इस संबंध में एक दिलचस्प किस्सा है। बंकिम बाबू 'बंग दर्शन' के संपादक थे। एक बार पत्रिका का साहित्य कम्पोज हो रहा था। तब कुछ साहित्य कम पड़ गया, इसलिए बंकिम बाबू के सहायक संपादक श्री रामचंद्र बंदोपाध्याय बंकिम बाबू के घर पर गए और उनकी निगाह 'वंदे मातरम' लिखे हुए कागज पर गई। कागज उठाकर श्री बंदोपाध्याय ने कहा, फिलहाल तो मैं इससे ही काम चला लेता हूँ। पर बंकिम बाबू तब गीत प्रकाशित करने को तैयार नहीं थे। यह बात 1872 से 1876 के बीच की होगी। बंकिम बाबू ने बंदोपाध्याय से कहा कि आज इस गीत का मतलब लोग समझ नहीं सकेंगे। पर एक दिन ऐसा आएगा कि यह गीत सुनकर सम्पूर्ण देश निद्रा से जाग उठेगा। इस संबंध में एक किस्सा और भी प्रचलित है। बंकिम बाबू दोपहर को सो रहे थे। तब बंदोपाध्याय उनके घर गए। बंकिम बाबू ने उन्हें 'वंदे मातरम' पढ़ने को दिया। गीत पढ़कर बंदोपाध्याय ने कहा, 'गीत तो अच्छा है, पर अधिक संस्कृतनिष्ठ होने के कारण लोगों की जुबान पर आसानी से चढ़ नहीं सकेगा।' सुनकर बंकिम बाबू हँस दिए। वे बोले, 'यह गीत सदियों तक गाया जाता रहेगा।' 1876 के बाद बंकिम बाबू ने बंग दर्शन की संपादकी छोड़ दी।



875 में बंकिम बाबू ने एक उपन्यास 'कमलाकांतेर दफ्तर' प्रकाशित किया। इस उपन्यास में 'आभार दुर्गोत्सव' नामक एक कविता है। 'आनंदमठ' में संत–गणों को संकल्प करते हुए बताया गया है। उसकी ही आवृत्ति 'कमलाकांतेर दफ्तर' के कमलकांत की भूमिका निभाने वाले चरित्र के व्यवहार में दिखाई देती है। धीर–गंभीर देशप्रेम और मातृभूमि की माता के रूप में कल्पना करते हुए बंकिम बाबू गंभीर हो गए और अचानक उनके मुँह से 'वंदे मातरम' शब्द निकले। यही इस अमर गीत की कथा है। 1896 में कलकत्ता में कॉंग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। उस अधिवेशन की शुरुआत इसी गीत से हुई और गायक कौन थे पता है आपको? गायक और कोई नहीं, महान साहित्यकार स्वयं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर थे। कितना भाग्यशाली गीत है यह, जिसे सबसे पहले गुरुदेव टैगोर ने गाया। यह भी माना जाता है कि बंकिम बाबू एक कीर्तनकार द्वारा गाए गए एक कीर्तन गीत 'एसो एसो बंधु माघ आँचरे बसो' को सुनकर बेहद प्रभावित हुए। गीत सुनकर गुलामी की पीड़ा का उन्होंने तीव्र रूप से अनुभव किया। इस एक गीत ने भारतीय युवकों को एक नई दिशा–प्रेरणा दी, स्वतंत्रता संग्राम का महान उद्देश्य दिया। मातृभूमि को सुजलाम–सुफलाम बनाने के लिए प्रेरित किया। 'वंदे मातरम' इन दो शब्दों ने देश को आत्मसम्मान दिया और देशप्रेम की सीख दी। हजारों वर्षों से सुप्त पड़ा यह देश इस एक गीत से निद्रा से जाग उठा। तो ऐसी दिलचस्प कहानी है वंदे मातरम गीत की।

# संविधान की खास बातें

**संविधान सभा की प्रथम बैठक सोमवार 9 दिसंबर 1946 को प्रातः 11 बजे शुरू हुई। इसमें 210 सदस्य उपस्थित थे। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ. राजेंद्रप्रसाद को स्थायी अध्यक्ष चुना गया, जो अंत तक इस पद पर बने रहे। 13 दिसंबर 1946 को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान का उद्देश्य प्रस्ताव सभा में प्रस्तुत किया, जो 22 जनवरी 1947 को पारित किया गया। इसकी मुख्य बातें इस प्रकार हैं-**


- भारत एक पूर्ण संप्रभुता संपन्न गणराज्य होगा, जो स्वयं अपना संविधान बनाएगा।
- भारत संघ में ऐसे सभी क्षेत्र शामिल होंगे, जो इस समय ब्रिटिश भारत में हैं या देशी रियासतों में हैं या इन दोनों से बाहर, ऐसे क्षेत्र हैं, जो प्रभुतासंपन्न भारत संघ में शामिल होना चाहते हैं।
- भारतीय संघ तथा उसकी इकाइयों में समस्त राजशक्ति का मूल स्रोत स्वयं जनता होगी।
- भारत के नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, पद, अवसर और कानूनों की समानता, विचार, भाषण, विश्वास, व्यवसाय, संघ निर्माण और कार्य की स्वतंत्रता, कानून तथा सार्वजनिक नैतिकता के अधीन प्राप्त होगी।
- अल्पसंख्यक वर्ग, पिछड़ी जातियों और कबायली जातियों के हितों की रक्षा की समुचित व्यवस्था की जाएगी।
- अवशिष्ट शक्तियां इकाइयों के पास रहेंगी।
- 26 जनवरी 1950 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के बाद भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर भारतीय गणतंत्र के ऐतिहासिक जन्म की घोषणा की थी। अंग्रेजों के शासनकाल से छुटकारा पाने के 894 दिन बाद हमारा देश स्वतंत्र राज्य बना। तब से आज तक हर वर्ष समूचे राष्ट्र में गणतंत्र दिवस गर्व और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।





# देशभक्ति व करियर दोनों हैं अहम

26 जनवरी को पूरा देश 'गणतंत्र दिवस' मनाएगा। यह जश्न है एकता, समानता और स्वतंत्रता का। उन शहीदों को इस पर्व के माध्यम से नमन करने का जिनकी वजह से हमें खुलकर जीने की आजादी मिली। साथ ही सलाम उन जवानों को जो सीमा पर जागते हैं ताकि हम चैन की नींद सो सकें। यह जज्बा धीरे–धीरे कम होता जा रहा है। इसका कारण युवाओं की लाइफस्टाइल में आया बदलाव भी है। ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में आज का युवा देशभक्ति से ज्यादा पैसे की ओर रुख कर रहा है। युवा देश के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, इसलिए उनकी एक राय यह भी है कि आर्मी के अलावा भी किसी फील्ड में रहते हुए देश के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं, बशर्ते कि वे अपने फील्ड में ईमानदारी से काम करें।



## देशभक्ति पर करियर भारी

यश जोशी कहते हैं कि इंडियन आर्मी यानी बेहतर करियर, अनुशासन के साथ सम्मान की जिंदगी। लेकिन आज प्रोफेशनल कोर्सेस के आने के बाद स्टूडेंट को लगता है कि आर्मी में करियर बनाना आसान नहीं है, क्योंकि टफ ट्रेनिंग और घर से दूर जाना उन्हें कम ही रास आता है। वे देशभक्ति की जगह मोटी कमाई को तवज्जो दे रहे हैं। जिन युवाओं में आर्मी के जुनून और देश के लिए कुछ करने का जज्बा होता है जब वे घरवालों से यह बात कहते हैं तो उनके घरवाले चाहते हैं कि वे आर्मी की बजाय दूसरे फील्ड में करियर बनाएँ।

## ईमानदारी से कार्य करने की है जरूरत

एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्टूडेंट राधिका राघव कहती हैं– आजकल युवा सेना में नहीं जाना चाहते हैं हालाँकि देशभक्ति का यह पैमाना कतई नहीं है कि हर व्यक्ति सेना में जाए। देश की सेवा किसी भी रूप में हो सकती है जिसके लिए हमें अपनी फील्ड में ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। युवा के लिए वास्तव में नाम व पैसे के साथ–साथ समाज व देश के प्रति कुछ कर पा लेने की संतुष्टि और गर्व होना भी जरूरी है।

## आज भी है जुनून

आईआईपीएस के स्टूडेंट शुभम शर्मा कहते हैं कि युवाओं में एक बात यह है कि वे खुद की मर्जी के मालिक कुछ ज्यादा ही होते हैं। इसका कारण हमारी लाइफ स्टाइल में आया बदलाव भी है। आज करना है तो बस करना है कि तर्ज पर जिंदगी जीने वाले युवा कहीं भी फोकस नहीं कर पाते या फिर असमंजस की स्थिति में पड़ जाते हैं इसलिए वे जीवन में देशभक्ति व करियर में से किसी एक का चुनाव नहीं कर पाते हैं। वहीं दूसरी ओर आज भी युवा तिरंगे को देखकर रोमांचित होता है। जन–गण–मन सुनकर एक बार सावधान की मुद्रा में खड़ा होने को तैयार रहता है। लेकिन उसे लगता है कि साथ देने वाला कोई नहीं है तो मन मारकर वह देशभक्ति करने से रह जाता है।

## करियर भी देशसेवा भी

ईएमआरसी की स्टूडेंट कृणिका सक्सेना कहती हैं कि आज भगतसिंह पैदा नहीं हो सकते लेकिन व्हाइट कॉलर लोगों के भरोसे भी यह देश नहीं चलना है। करियर बनाने के बाद भी हर युवा को देश की सेवा व देश में रहना कम पसंद आता है। इसके लिए युवा जिम्मेदार नहीं हैं। इसका कारण भ्रष्टाचार भी है। लेकिन कई युवा इस दौर में भी अपनी पसंद के करियर के साथ भी देशसेवा कर रहे हैं। वे जता रहे हैं कि देशसेवा भी उनके लिए महत्वपूर्ण है।



Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# मानव संस्कार स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व



Faridabad/Alive News

मानव संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के चेयरमैन योगेश शर्मा, प्रिंसीपल डॉ कौमुदी भारद्वाज एवं समूह स्टाफ द्वारा लोहड़ी की अग्नि में तिल, मूंगफली, रेवड़ी डालकर सब के भले की कामना के साथ की गई। इस दौरान स्कूल अध्यापको ने बोलियों व ढोल की थाप पर लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन योगेश शर्मा ने स्टाफ व विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने अंदर छुपी बुराइयों को त्याग कर हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोहड़ी की पावन अग्नि में तिल भेंट करते समय हमें संकल्प लेना चाहिए कि जो कार्य हम कर रहे हैं, उससे किसी का बुरा न हो। इस मौके पर प्रिंसीपल डाक्टर कौमुदी भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी पर्व का यह त्योहार हमें एकता संदेश देता है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का त्योहार प्रेम और भाईचारे, सांस्कृतिक विरासत व उल्लास का पर्व है। जो हमें समाज में एकता, सदभावना और आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। लोहड़ी का त्योहार हमारे सांस्कृतिक तंत्र, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को और मजबूत करने में सहायक है। यह पावन अवसर हमें मानवता व प्रेम-सौहार्द की शिक्षा देता है।

# सर्दी से जुड़ी बीमारियों के सवाल पर डॉ नीरज सिंह के जवाब, पढ़िए खबर

सर्दी का मौसम शुरू होते ही खांसी, जुकाम, छींक आना और आवाज बैठना जैसी समस्या होने लगती है जिसकी वजह से लोगों को काफी ज्यादा परेशानी होती है। कड़ाके की सर्दी की वजह से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। बढ़ती सर्दी की वजह से आमजन को कई समस्याएं आ रही है। डॉक्टर के अनुसार ऐसे में बच्चें, बुजुर्गों सहित दमा, टीबी और हार्ट के रोगियों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। सर्दी में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इस को लेकर अलाईव न्यूल के संपादक तिलक राज शर्मा ने होम्योपैथी फिजिशियन डॉ नीरज सिंह से बातचीत की। बातचीत के अंश इस प्रकार से है।



डॉ नीरज सिंह

**प्रश्नः** सर्दी के अंदर क्या क्या समान्ताए बीमारियां आ सकती हैं और लोगों के लिए घातक भी हो सकती है?


उत्तरः डॉक्टर नीरज ने बताया कि सर्दी में जो बच्चे एलर्जी की समस्या से पीड़ित रहते हैं या जिन्हें लंग्स की समस्या है वो अपने आप को आइसोलेट रखे और बाहर ना टहले। उन्होंने बताया कि बढ़ती सर्दी की वजह से हमारा शरीर ठिठूरने लगता है जिसकी वजह से हमारी इुह्लह्लद्बद्गह्य भी सिकुड़ने लगती है। ऐसे मे शरीर को वार्म रखना बेहद जरूरी है।

**प्रश्नः** सर्दी के मौसम में गर्भवती महिलाओं को क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

उत्तरः गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की शरीर की क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह जरुरी है कि महिलाएं खांसी-जुकाम और बुखार से अपना बचाव करें।

**प्रश्नः** सर्दी में युवाओं को किस प्रकार अपना ध्यान रखना चाहिए?

उत्तरः डॉ नीरज ने बताया कि ज्यादातर युवा सर्दी के मौसम में लापरवाही करते हैं जिसकी वजह से कई लोग बेहद कम उम्र में ही हार्ट अटैक का शिकार हो जाते हैं। वहीं, लोगों को इस उम्र में ब्लड प्रेशर की भी समस्या होने लगती है ऐसे में लोगों को पेरेंटल मेडिकल हिस्टरी का भी ध्यान रखना चाहिए और घर से बाहर निकलने से पहले गर्म कपड़े जरुर पहने।



**प्रश्नः** सर्दी के मौसम में अधिकांश बुजुर्गों को किस प्रकार अपना ध्यान रखना चाहिए?

उत्तरः सर्दी के मौसम में बुजुर्गों को ठंड से व प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से अपना बचाव करना चाहिए। साथ ही प्रोपर मेडीटेशन करना चाहिए और अपने शरीर को वार्म रखें।

**प्रश्नः** नवजात बच्चों की सेफ्टी के लिए क्या करना चाहिए ?

उत्तरः इस मौसम में नवजात बच्चों की सेफ्टी के लिए रुम को हाईजीनिक रखना बेहद जरुरी है। साथ ही अगर घर में किसी को खांसी या जुकाम है तो उसके संपर्क में न आने दे और उसका बचाव करें।

**प्रश्नः** ब्रोंकाइटिस क्या है, इससे डरने की कितनी जरूरत है?

उत्तरः यह वायरल संक्रमण है जो फेफड़ों में ब्रांकिओल्स के सूजन का कारण बनता है। सांस लेने में दिक्कत होती है। गले में खरास, बुखार, छाती में घरघराहट और डिहाइड्रेशन भी हो सकता है। लापरवाही बरतने पर मरीज को अस्पताल में एडमिट भी होना पड़ सकता है।

**प्रश्नः** पचास प्लस आयु के लोगों को सर्दी के मौसम में कौन सी बीमारी हो सकती है?

उत्तरः बेल्स पाल्सी यानि फेसियल पेरालिसिस और हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा रहता है। कान के पास से सेवेंथ क्रेनियल नस गुजरती है, जो तेज ठंड होने पर सिकुड़ जाती है। इसकी वजह से यह बीमारी होती है। बेहतर होगा कि ठंड से बचें। गर्म कपड़ों के साथ सिर को मफलर या कैप से ढकें।

# बी.के. स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन



Faridabad/Alive News

नंगला रोड़ स्थित बीके पब्लिक स्कूल में नव प्रयास सेवा संगठन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डा. भूपेन्द्र श्योराण ने विधायक नीरज शर्मा का पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर 35 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। एकत्र हुए सभी रक्त को सिविल अस्पताल बादशाह खान को भेंट किया गया।

इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा ने उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिए गए रक्त की एक-एक बूंद जरूरत रोगियों, गर्भवती महिलाओं व सडक़ दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों के काम आती है। स्कूल के चेयरमैन डा. भूपेन्द्र श्योराण ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष स्कूल में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर अलग-अलग महीनों में लगाते है ताकि आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग इसका लाभ ले सकें।

नव प्रयास सेवा संगठन के संस्थान सुनील यादव, अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि उनकी टीम के द्वारा यह 89वां रक्तदान शिविर है। उनकी संस्था रक्तदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है, ताकि जरूरत के समय लोगों को बिना भी रूकावट में ब्लड उपलब्ध हो सकें।

इस मौके पर शिक्षाविद् डा. राजेश मदान, एडवाकेट डा. अमित जैन, रामबीर भड़ाना, शिक्षाविद् डा. शोभित आजाद, डा. अभिषेक सिंह, डा. रोहित गर्ग, ऋषि, अजय यादव, नंगला रोड़ मार्किट के प्रधान एम.पी. भड़ाना, विनोद कुमार, स. मोन्टू, सचिन तंवर एडवोकेट, दिवाकर, हार्दिक, कृषनानशु, भुवनेश्वर शर्मा, महेश लोहिया, महिला अध्यक्ष मनीषा, आरती साहू, मंजू सिंह, पुष्पलता, चन्द्रकांता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 1000 दिन में 300 शहरो को भर्मण करेंगे फरीदाबाद के प्रांशु अरोड़ा

Faridabad/Alive News



इंस्पायर द नेशन 2.0 में देश के युवाओं को अपने जुनून के प्रति प्रेरित करने के लिए फरीदाबाद के प्रांशु अरोड़ा दूसरी बार भारत की यात्रा करेंगे, इस बार 1000 दिनों के लिए 300 शहरो को भर्मण करेंगे, यह कार्यक्रम 24 जनवरी 2024 से शुरू होकर 20 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। फरीदाबाद से शुरू होकर यात्रा, दिल्ली, मुंबई लखनऊ बैंगलोर, चंडीगढ़, कश्मीर, लद्दाख, नार्थ ईस्ट, दक्षिण भारत के हर शहर तक जाएगी।

इसे दो कार्यसूची में विभाजित किया गया है। सबसे पहले, सेमिनार और वेबिनार पर विभिन्न आयोजन किये जायेंगे, जिसमे छात्रों को फ्री करियर कॉउंसलिंग दी जाएगी दूसरा म्यूजिक में जिन प्रतिभाओ की अनदेखी हुई है या म्यूजिक में संघर्ष कर रहे है उनको मोटीवेट करना जिससे वे अपने सपने को साकार कर सकें। प्रांशु अरोड़ा पेशे से स्व उधमी और संगीतकार है, और वर्तमान में फर्स्ट एडू इंडिया और डिजी विस्टा का नेतृत्व कर रहे है ।

इंस्पायर द नेशन 2.0 - हम इसे एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के लिए अपनी बातचीत के हर स्तर पर सहयोग कर रहे हैं, जिसमे हमारा लक्ष्य संगीतकारों और म्यूजिक से जुड़े लोगो को जोड़ना जिसे एक साझा मंच तैयार किया जा सके।हमारी कोशिश है कि आप इस परोपकारी आंदोलन में शामिल हों और अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि आपका योगदान पूरी दुनिया में गूंजे।

# श्रीलंका की सीता वाटिका से अयोध्या के लिए मिट्टी लेने पहुंचा जस्टिस फाऊंडेशन का प्रतिनिधि मंडल

Faridabad/Alive News



हिन्दुस्तान के हरियाणा प्रदेश के जिला फरीदाबाद से सोशल जस्टिस फ़ाऊंडेशन का एक प्रतिनिधि मंडल श्रीलंका की अशोक वाटिका (सीता माता मंदिर) पहुँचा। ये प्रतिनिधिमंडल श्रीलंका की अशोक वाटिका से मिट्टी लेकर अयोध्या के श्रीराम मंदिर पहुंचेगा।

सोशल जस्टिस फ़ाऊंडेशन संस्था के अध्यक्ष रामरतन नर्वत ने बताया कि वह लोग आज श्री सीताई अम्मन मंदिर श्रीलंका पहुंचे है और यहां की अशोक वाटिका से मिट्टी लेकर अयोध्या श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। रामरतन नर्वत ने बताया कि यह अनोखा मंदिर है, क्योंकि ये सीता माता को समर्पित मंदिरों में से एक है। सीता अमन मंदिर में भगवान राम लक्ष्मण, देवी सीता और भगवान हनुमान की मूर्तियां हैं। हनुमान जी अशोक वाटिका में जहां उतरे थे वहां पर आज भी उनके चरणों के निशान श्रीलंका के इस मंदिर में हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में राम रतन नर्वत के साथ रमेश चौधरी, बृजमोहन शर्मा, कांतिलाल जैन नासिक महाराष्ट्र से, विष्णु शर्मा दिल्ली से, मुकेश कुमार सीकर राजस्थान से ये सभी लोग श्रीलंका की अशोक वाटिका से मिट्टी लेकर अयोध्या पहुंचेंगे।

# नाटक के माध्यम से दर्शकों को किया तनावमुक्त

Faridabad/Alive News



जेसी बोस विश्वविद्यालय के सभागार में तनावमुक्त व ऊर्जावान करने हेतु नारदजी डॉट कॉम नाटक का मंचन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राकेश कुमार आर्य ने दीप प्रज्वलन से किया। पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि वेब सीरीज और ओटीटी के दौर में आज भी रंगमंच अपनी बात कहने का सशक्त माध्यम है जो सहज ही दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और पुलिसकर्मियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिससे की उनकी रोजमर्रा की तनावपूर्ण कार्यप्रणाली में एक नई स्फूर्ति, ताजगी एवम उत्साह का संचार हो सके और इस नाटक का मंचन आज इसी उद्देश्य के लिए किया गया है।

नाटक नारद डॉट कॉम हिसार के वरिष्ठ रंगकर्मी अनूप मीचू द्वारा लिखित, निर्देशित व अभिनीत था अनूप मीचू द्वारा इस प्रकार के करीब 150 से अधिक प्रोग्राम किया जा चुके हैं। उन्होंने इस तरह के प्रोग्राम करने का करीब 35 साल से अधिक का अनुभव है। जिसमें उन्होंने मानव मन की सभी संवेदनाओं को बहुत ही बारिकी और भावपूर्ण ढंग से अपनी बेजोड़ कलाकारी व अभिनय से अभिव्यक्त किया और नाटक के माध्यम से बताया कि आज भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में उलझ कर मनुष्य जो ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है अपने निर्माण के मूल लक्ष्य से भटक कर आपाधापी, प्रतिस्पर्धा और चकाचौंध में उलझ कर रह गया है। इस मायाजाल में फंस कर आज का मनुष्य अपना स्वास्थ्य, परिवार, रिश्ते नातों को पीछे छोड़ अंतहीन आकांक्षाओं के पीछे बस भागता चला जा रहा है और जब उसे लगता है अब जिंदगी उसकी मुट्ठी में है तब तक जिंदगी निकल चुकी होती है और अंत समय नजदीक आ चुका होता है। गहन गंभीर चिंतन से लिखी इस रचना में निर्देशक अनूप मीचू ने अपने मन की अनुभूतियों को शब्दों में उकेरा और काव्य अभिव्यक्तियों से सजाया जिससे सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सहयोगी कलाकारों में डॉ. कीर्ति गोयल, संदीप शर्मा, डॉ. महेंद्र चुघ और आशीष शर्मा ने नाटक को जीवंत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल, डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ , आईएएस गरिमा मित्तल, एडीसी आनन्द शर्मा व डॉ. एस.एस. बंसल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शहर के विभिन्न गणमान्य डॉक्टर व पुलिसकर्मियों के परिवारजनों ने नाटक का भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम का कुशल व काव्यात्मक शैली से मंच संचालन प्रोफ़ेसर डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान से हुआ। जीवन को उत्सव के रुप में जीने का सन्देश देते इस नाटक में अनेक संवाद ऐसे रहे जिसने दर्शकों को भावविभोर कर बार बार तालियां बजाने पर बाध्य कर दिया।

# शरीर को स्वस्थ तथा मजबूत बनाने के लिए खेल अनिवार्य है: विजय प्रताप



Faridabad/Alive News

मकर संक्राति पर्व पर गांव भवाना में हरियाणा स्टाईल कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के नेता विजय प्रताप सिंह पहुंचे । हरियाणा स्टाईल कब्बडी प्रतियोगिता समिति के सदस्यों ने विजय प्रताप सिंह का पगड़ी बांध कर स्वागत किया । विजय प्रताप सिंह ने मकर-संक्रान्ति की एवं हरियाणा स्टाईल कब्बडी प्रतियोगिता आयोजन के लिए सभी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण अंचलों से प्रतिभाएं निकल कर आती है जो देश विदेश में इलाके का नाम रोशन करती हैं।

अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो वरदान हैं।' इन दोनों की प्राप्ति के लिए जीवन में खिलाड़ी की भावना से खेल खेलना आवश्यक है।खेलने से मनुष्य को संघर्ष करने की आदत बनती है उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार आने पर सभी में खेल स्टेडियम बनवाये जाएंगे जिससे खेल के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा ,इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रवक्ता तरूण तेवतिया , शेलैन्द्र सिंह एडवोकेट, धर्मपाल पहलवान, पार्षद पवन भड़ाना,जिला पार्षद चेयरमैन वीरेन्द्र बैंसला, भाजपा नेता संजय गुर्जर , छिदा मास्टरजी ,सुखबीर बैसला बिटटू सरपंच, रवि सरपंच , बलबीर ठेकेदार , अमित बैंसला, लालचंद ठेकेदार , बिज्जी पहलवान, पवन जाखड़ सरपंच, सुभाष पहलवान, सतपाल फौजी सहित अनेक गणमांय लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस ही बनाएगी गुड़गांव से फरीदाबाद की मैट्रो लाइन, पलवल तक पहुंचेगी लाईनः नीरज शर्मा

Faridabad/Alive News



कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में साढे 81 किलोमीटर मेट्रो लाइन बिछी थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने 1 इंच भी मेट्रो लाइन आगे नहीं बढ़ाई है। यह कहना है कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा का। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़, गुड़गांव और बल्लभगढ़ तक मेट्रो लाने वाली कांग्रेस सरकार ही गुड़गांव से फरीदाबाद मेट्रो चलाने का काम करेगी। इतना ही नहीं मेट्रो का विस्तार पलवल, रोहतक और सोनीपत तक किया जाएगा।

नीरज शर्मा ने कहा कि मेट्रो विस्तार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर भी कांग्रेस का विशेष जोर रहेगा। क्योंकि मौजूदा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया है। बीजेपी-जेजेपी सरकारी विभागों में खाली पड़े 2 लाख पदों को भरने की बजाय कौशल निगम के जरिए विदेश में युवाओं को भेजना चाहती है। ठेके वाली कच्ची नौकरियां के नाम पर पढ़े-लिखी युवाओं का शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में 12 यूनिवर्सिटी और 6 मेडिकल कॉलेज बने। फरीदाबाद की बात की जाए तो ग्रेटर फरीदाबाद, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और आईएमटी स्थापित हुई। लेकिन भाजपा कार्यकाल के दौरान फरीदाबाद में पहले से स्थापित छोटे और बड़े उद्योग पलायन करने लगे और नया निवेश आना बंद हो गया। इसके चलते युवा बेरोजगारी की दलदल में फंस गए। इतना ही नहीं मौजूदा सरकार द्वारा 5000 झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीबों को बेघर किया गया।

नीरज शर्मा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर सभी खाली पदों को पक्की भर्तियां होंगी। जिन 11,000 सफाई कर्मियों को कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त किया था, उनके समेत तमाम चौकीदार और मनरेगा मेट को पक्का किया जाएगा। इसके अलावा बुजुर्गों को 6000रुपए बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, 500रुपए में गैस सिलेंडर, 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, एससी-ओबीसी व गरीब बच्चों को वजीफा भी दिया जाएगा।

# महिलाओं को सामाजिक क्षेत्र में लाना होगा बदलाव : सलमा सुल्तान

Faridabad/Alive News




अंतर्राष्ट्रीय महिला समिट के दूसरे सैशन में वीरवार दोपहर बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन 'एशियन कन्टीज समिट' में नारी शक्तियों के हौसले बुलंद सुनने को मिले।

वरिष्ठ पत्रकार सलमा सुल्तान ने कहा कि मैं संघर्ष करके ही कॉलेज टाइम में स्टूडेंट लीडर रही। हर औरत को ताकत अपने बच्चों को सशक्त बनाने में विशेष योगदान देना चाहिए। संघर्ष के लिए कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार सलमा सुल्तान ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में बदलाव लाना होगा। सती प्रथा से लेकर अब तक बहुत से बदलाव समाज में महिला उत्थान में आए हैं और आधुनिक युग में महिलाओं को और बेहतर करने का प्रयास करना होगा।

हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग (एचएससीडब्ल्यू) अपने 25वें स्थापना दिवस पर आज वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन 'एशियन कन्टीज समिट' की गई है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयर पर्सन रेखा शर्मा, ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत, वरिष्ठ टीवी एंकर मीमांसा मलिक, पहली महिला ट्रांसजेंडर विधायक शबनम मौसी, एडवोकेट रितु कपूर, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शाहिदा परवीन, जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन दरक्षा आंध्रवी, पत्रकार सलमा सुल्तान, चाद की एम्बेसडर दिह्लालुशयनी व कान्ता सिंह डिप्टी रिप्रैजंटिव यूनाइटेड नैशनन वुमेन इण्डिया भी मौजूद रही।

# लक्कड़पुर में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ने निकाली भगवा रैली



**Faridabad/Alive News**

लक्कड़पुर से हिन्दू जागरण मंच के संयोजक एवं समाजसेवी अर्जुन सिंह ने अपने सेंकड़ों समर्थकों के साथ मिलकर क्षेत्र में भगवा रैली निकाली। समाजसेवी अर्जुन सिंह ने बताया कि यह भगवा यात्रा हिन्दू जागरण मंच द्वारा सुबह साढ़े 10 बजे राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू होकर दोपहर एक बजे तक समाजसेवी अर्जुन सिंह के निवास पर पहुंची। इस भगवा यात्रा के दौरान लोग हाथों में जय श्रीराम के झंडे लेकर नारे लगाते हुए चले। उन्होंने बताया कि आज 496 साल के बनवास के बाद श्रीराम जी अपनी जन्मभूमि पर वापस लौटे हैं। उसी खुशी में लोगों ने यह शोभा यात्रा निकाली है। इस भगवा यात्रा का स्वागत राधा-कृष्ण मंदिर लक्कड़पुर, रेलवे फाटक, दयालबाग चौकी, लक्कड़पुर मार्केट, सरदार बल्ली वाले रोड पर हुआ। भगवा यात्रा में एडवोकेट राजकुमार शर्मा, कर्नल समर सिंह, दिलीप तिवारी, के.आर बिका, संजीव झा, आर.पी सिंह, रमेश मौर्या, जे.पी मिश्रा, ब्रजकिशोर, रघुवीर सिंह, रमन झा, वीरेन्द्र, आलोक व शुभम मिश्रा आदि गणमान्य लोग शामिल हुए।

# मानव सेवा समिति ने जरुरतमंद लड़की की शादी में दिया आर्थिक सहयोग

**Faridabad/Alive News**

मानव सेवा समिति ने नए साल की पहली एकादशी को सराय गुरुकुल निवासी जरूरतमंद महिला मधु की लड़की सिमरन की शादी में 31101 रूपये का आर्थिक सहयोग व नई सिलाई मशीन, कपड़े बर्तन व अन्य सामान प्रदान किया।

इस पुण्य कार्य में मानव परिवार के युवा समाजसेवी दिनेश शर्मा सहित कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, अन्य सदस्य जितेंद्र मेहता, जितिन गौड़, सुनीता शर्मा, प्रतिमा गर्ग, ओपी शर्मा, संदीप मित्तल,मीरा अग्रवाल, परमेश्वरी, सुष्मिता, प्रेमनाथ भाटिया,संतोष दहिया, प्रेम बाला ने सहयोग प्रदान किया।

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने इन सभी का आभार प्रकट करते हुए समाज के सभी दानी सज्जन व समाजसेवियों से समिति की हर संभव मदद करने की अपील की है।

# राजेश थापा सीनियर सेकंडरी स्कूल के नए बहुमंजिला भवन की रखी आधारशिला

**Faridabad/Alive News**

प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर- 22 में शहीद राजेश थापा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए बहुमंजिला भवन की आधारशिला रखी। भूमि पूजन और यज्ञ हवन के साथ आधारशिला रखी गई।



बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला से इस स्कूल के कार्य का शिलान्यास कर चुके हैं। उसके उपरांत आज भूमि पूजन के साथ स्कूल के नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि करीब 5 करोड़ 50 लाख की लागत से तीन मंजिल और करीब 36 कमरों के साथ लेटेस्ट तकनीकी सुविधाओं युक्त बनेगा यह भवन,हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा निर्माण कार्य किया जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का ठेकेदार सहित स्कूल शिक्षा के अधिकारियों को दिशा निर्देश स्कूल का समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करें। इस मौके पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, अनुराग गर्ग,जयवीर खटाना, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, सुभाष लांबा, दामोदर उपाध्याय, आरके बंसल आकाश हंस, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, प्रिंसिपल सुषमा शर्मा, कुलदीप मथारू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार के कार्यों को डीसीपी ने सराहा, दिया सराहना पत्र



**Faridabad/Alive News**

मिलेनियम सिटी के नाहरपुर रूपा पुलिस चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार के कार्यों की डीसीपी मयंक गुप्ता ने प्रसंशा की। डीसीपी ने सुरेंद्र कुमार को सराहना पत्र भी दिया।

सुरेंद्र कुमार को अपने क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। प्रोत्साहित किए जाने पर सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए डीसीपी का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इसी तरह से कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे और पूरी कर्तव्य निष्ठा से ड्यूटी करेंगे।

# अभिभावकों से मंच ने की अपील, मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही कराएं बच्चों का एडमिशन

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा शिक्षा विभाग ने शिक्षा नियमावली की शर्तों की पूरा ना करने वाले अस्थाई मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को आगे एक्सटेंशन देने से मना कर दिया है और इन स्कूलों में पढ़ाई कर रहे छात्रों को नजदीक के सरकारी स्कूलों में दाखिला कराने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं।

हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बी एस बिरदी ने बताया कि सरकार ऐसे स्कूलों को पिछले 9 साल से लगातार एक साल की एक्सटेंशन देती आ रही है। मंच ने अभिभावकों से अपील की है कि वे आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 में अपने बच्चों का दाखिला सरकारी मॉडल संस्कृति विद्यालयों में कराएं अगर वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में ही पढ़ाना चाहते हैं तो उनका दाखिला स्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही कराएं। मंच ने मुख्यमंत्री और प्रदेश के शिक्षा मंत्री से मांग की है कि सीबीएसई के जो स्कूल हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा नियमावली के नियम कानूनों का उल्लंघन करके छात्र व अभिभावकों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जाए।

# श्री सिद्धदाता आश्रम ने ईएसआई प्रबंधन को सौंपे कंबल

**Faridabad/Alive News**

एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल प्रबंधन को सर्दियों से बचाव के लिए कंबल सौंपे जिनका इस्तेमाल मरीजों एवं उनके परिजनों को सर्दियों से बचाने के लिए किया जाएगा।आश्रम के स्वयंसेवकों ने ईएसआई अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात की और उन्हें 50 कंबल सौंपे और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर अस्पताल के एमएस डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ एके पांडे एवं डिप्टी एमएस डॉ निशा रजनी ने यह कंबल प्राप्त किए और गुरु महाराज का धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और आश्रम इस काम को बड़े लंबे समय से करता आ रहा है।

इस अवसर पर आश्रम के सेवा प्रमुख ज्ञानेंद्र शर्मा ने कहा कि जनहित सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आश्रम एवं सभी सेवाओं का संचालन किया जाता है। इसके तहत हम गुरु महाराज के निर्देश पर अनेक जगहों पर दान, सेवा, सत्संग आदि के आयोजन करते हैं। जिसमें स्थानीय लोगों एवं प्रशासन से भी भरपूर प्रशंसा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज एक बार फिर हमने गुरु महाराज से कंबल प्रसाद रूप में प्राप्त किए और यहां ईएसआई प्रबंधन को दिए हैं। जिनका प्रयोग यह अपनी जरूरत के हिसाब से जरूरतमंदों के बीच करेंगे। हम इससे पहले भी इस अस्पताल में



चैरिटी करते रहे हैं और आगे भी समयानुसार यह प्रकल्प चलेंगे। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंधक मिथलेश राय, नवल किशोर शर्मा, मदन, अनिल, रॉबिन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फरीदाबाद की 9 सीटों पर कांग्रेस को जिताने का आवाह्न किया

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के 90 हलकों में से सबसे ज्यादा वोटों से जीते। अगर जेजेपी प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात नहीं करती तो आज प्रदेश में बीजेपी सरकार नहीं होती। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कार्यकर्ताओं को फरीदाबाद की सभी 9 सीटों पर कांग्रेस को जिताने का आवाह्न किया।

**Faridabad/Alive News**



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने फरीदाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार लोगों के विश्वास से नहीं विश्वासघात से बनी है। अपनी बात को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का मतलब पूरा मंत्रीमंडल। 2019 के चुनाव में जनता ने बीजेपी सरकार के अधिकांश मंत्रियों को हराकर वापस घर भेज दिया था। इनमें प्रमुख रूप से रामविलास शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, कैप्टन अभिमन्यु, कविता जैन, मनीष ग्रोवर, कृष्ण पंवार आदि शामिल थे।

2019 का चुनाव जनता ने भाजपा सरकार को भी हरा दिया और पार्टी को भी हरा दिया था। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला बड़े अंतर से चुनाव हारे। जहां तक मुख्यमंत्री की बात है उनकी जीत अल्पमत की जीत थी। करनाल में बहुमत ने वोट ही नहीं डाला। हरियाणा के 90 हलकों में से सबसे कम वोट यानी 49त्न करनाल में पड़ा और आश्चर्य की बात ये है कि सबसे ज्यादा नोटा भी करनाल में दबा।

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के 90 हलकों में से सबसे ज्यादा वोटों से जीते। अगर जेजेपी प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात नहीं करती तो आज प्रदेश में बीजेपी सरकार नहीं होती। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कार्यकर्ताओं को फरीदाबाद की सभी 9 सीटों पर कांग्रेस को जिताने का आवाह्न किया।

# नचौली के ग्रामीणों को सौंपी प्लाटों के इंतकाल की प्रतियां



**Faridabad/Alive News**

उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को नचौली गांव के ग्रामीणों को 100-100 गज के प्लाटों के 2007-08 में किए गए आवंटन के इंतकाल की प्रतियां गांव के ग्रामीणों को सौंपी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इंतकाल के लिए कुछ दिन पहले उनसे मिले थे और इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर इनकी समस्या का समाधान करवाया। उपायुक्त ने बताया कि 2007-08 में इन प्लाटों का आवंटन तो कर दिया गया था लेकिन पहले कोर्ट केस व बाद में अन्य कारणों से इनका इंतकाल दर्ज नहीं हो सका था। अब इन सभी प्लाटधारकों को इनके इंतकाल दर्ज कर मालिकाना हक सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को नचौली गांव के 28 लोगों को उनके इंतकाल की प्रति सौंपी गई है। इस अवसर पर डीआरओ बिजेंद्र राणा, तहसीलदार फरीदाबाद सुरेश कुमार भी उपस्थित थे।

# इंटरनेशनल स्तर पर देश के लिए खेलेगी शिवाजी स्कूल की छात्रा तनीषा

**Faridabad/Alive News**

पर्वतीय कॉलोनी स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल की छात्रा तनीषा ने 67वें नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 ताइक्वांडो गर्ल्स अंडर-17 में पहला स्थान प्राप्त कर स्कूल जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अब तनीषा इंटरनेशनल स्तर पर देश के लिए खेलेगी। इस उपलब्धि पर स्कूल के मैनेजर अरूण कुमार ने तनीषा तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।



**छात्रा तनीषा को बधाई देते हुए स्कूल के मैनेजर अरुण कुमार**

मध्यप्रदेश के बैतून में 5 जनवरी 2024 को आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तनीषा और महाराष्ट्र की खिलाड़ी तनुजा पवार के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। नेशनल गेम में शिवाजी पब्लिक स्कूल की छात्रा तनीषा ने तनुजा पवार को हरा कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इसके साथ ही तनीषा का चयन इंटरनेशनल स्तर पर हो गया है, अब वह देश के लिए इंटरनेशनल स्तर पर खेलेगी। तनीषा द्वारा गोल्ड मेडल जीतने की खबर के बाद परिवार और स्कूल में खुशी की लहर है।

स्कूल के मैनेजर अरुण कुमार ने बताया कि तनीषा ने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी प्रेरित किया जाता है। तनीषा ने स्कूल को गौरवान्वित किया है। इससे बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों का सपोर्ट करता है, इसका ही परिणाम है कि स्कूल की छात्रा ने नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। उन्होंने एक बार फिर तनीषा के पिता पान सिंह और कोच को बधाई दी है।

# कॉरपोरेट क्रिकेट मैच की शुरुआत, 24 टीमों के बीच होगा मुकाबला

**Faridabad/Alive News**

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में डॉ. ओपी भल्ला मेमोरियल कप 17वें कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस साल दिल्ली-एनसीआर से 24 प्रमुख कॉरपोरेट टीमें क्रिकेट के मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। डॉ. प्रशांत भल्ला ने बताया कि ÷मानव रचना में खेलों के प्रोत्साहन के लिए हर स्तर पर काम किया जाता है। 17वें क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ है और हम दिल्ली-एनसीआर की कॉरपोरेट टीमों की मेज़बानी करने से बेहद खुश हैं। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि, ÷हर साल हमें इस पल का इंतज़ार रहता है। केवल 8 टीमों के साथ शुरु हुआ कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का ये सफर आज 24 टीमों की भागीदारी तक पहुंच चुका है।

टूर्नामेंट का पहला मैच एकॉर्ड हॉस्पिटल और सोनी इंडिया के बीच खेला गया। सोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। सोनी इंडिया की टीम ने 16.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी एकॉर्ड हॉस्पिटल की टीम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 8.5 ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। एकॉर्ड हॉस्पिटल से अंकित राणा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।



# 28 जनवरी को जींद में निकाली जाएगी बदलाव रैली

**Faridabad/Alive News**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यसभा में दूसरी बार नाम नहीं होने पर कहा कि मैं हरियाणा के लिए काम करना चाहता हूं। इससे पूर्व, उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा में चार जगहों से निकाली आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा काफी सफल रही है। जिसके बाद 28 जनवरी को जींद में एक बदलाव रैली की जाएगी। इस रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान जनता को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस बदलाव रैली में पूरे हरियाणा से भारी संख्या में लोग पहुचेंगे। ताकि इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंके, हरियाणा में बढ़ते जा रहे नशे पर लगाम लगाई जा सके और बेरोजगारी खत्म हो जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी चाहती है कि हरियाणा में भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल बनें, 24 घंटे बिजली-पानी मिले और मुफ्त मिले।

राज्यसभा में दूसरी बार नाम नहीं होने के सवाल पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के लिए काम करना चाहता हूं। संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता को मेरी शुभकामनाएं हैं। जैसे पहले राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसदों ने जनता की आवाज को उठाया, अब और मजबूती से जनता के मुद्दों को उठाया उठाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक द्वारा मुझसे पूछा गया था लेकिन मैंने उनको बताया कि हरियाणा में सरकार बनाना ज्यादा जरूरी है। इसलिए मैं हरियाणा पर फोकस करना चाहता हूं और हरियाणा में पूरी मजबूती से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएंगे।

# थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु की कामना हेतु हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

**Faridabad/Alive News**

थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वस्थ्य जीवन एवं दीर्घायु की कामना के उद्देश्य से सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर एक नंबर में भजन व हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया। इस धार्मिक आयोजन में लोगों ने बढ़चढक़र हिस्सा लिया और परमपिता परमात्मा का गुणगान किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक नरेंद्र चंचल के भजनों को दिव्य चैनल के सुप्रसिद्ध गायक सुनील ध्यानी व मंजीत ध्यानी ने गा कर समां बांधा और उपस्थितजनों को मंत्र मुगध कर दिया व हनुमान चालीसा पाठ एवं हनुमान भजनो द्वारा कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगा दिए। इससे पूर्व मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथिगणों का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। भटिया ने कहा कि संसार में सुख-दुख एक सिक्के के दो पहलू है, सुख के बाद दुख आता है और दुख के बाद सुख आता है, लेकिन थैलेसीमिया एक ऐसी बीमारी है, जो मनुष्य को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी कमजोर कर देती है, छोटे-छोटे बच्चे इस बीमारी से जूझ रहे है, ऐसे बच्चों का उत्साहवर्धन करने और उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना करने के उद्देश्य से यह भक्तिमय



कार्यक्रम आयोजित किया है। अंत में मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि, सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर ऐसे बच्चों के साथ है और उनकी दीर्घायु की कामना करता है। भाटिया ने कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य लोगों से थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे बच्चों की मदद करके हम पुण्य कमा सकते है इसलिए सभी को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर रविंद्र दुडेजा, जे के भाटिया, संजीव ग्रोवर, लोचन भाटिया, राकेश भाटिया, बी दास बत्तरा, अनुज नागपाल, पंकज अरोड़ा (पन्की) अजय शर्मा, रविंद्र गुलाटी, सचिन भाटिया, सतीश बांगा शामिल रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## D.A.V. School-37 celebrated 75th Republic Day with enthusiasm

Faridabad/Alive News

Freedom in the mind, Strength in the words, Pureness in our blood, Pride in our souls, Zeal in our hearts, Let's salute our India on Republic Day. With this thought in mind,on the blissful morning of 25th January, D.A.V. Public School, Sector 37, celebrated the 75th Republic Day with elan. Republic Day is celebrated every year on 26th January to commemorate the day on which the Constitution of India came into being, replacing the Government of India Act of 1935 and making India a Republic Nation. The ceremony began with the much-revered Gayatri Mantra followed by the unfurling of the National tricolor by School Principal Ms. Deepti Jagota followed by the National Anthem to pay tribute to the motherland. The ambience was charged with a spirit of nationalism during the programme that comprised a beautiful poem rendition, a soul-stirring speech by an inspired staff member and a mellifluous patriotic song.



On the auspicious occasion, in her address, the Principal Deepti Jagota dedicated the celebration to the undying human spirit to triumph in the face of adversity and urged the students to adhere to the epithets of the Constitution and keep the spirit of nationalism alive. She also reminded the students that freedom was not handed out on a platter but was achieved by the sacrifices of the brave sons of Mother India, so, she urged the students not to forget these tremendous sacrifices and serve the nation as true citizens with body, spirit and mind. The event came to a close with the Samapan Geet and Jai Gosh.

# Manav Rachna University organized at dialogue program

**Answering a question, Chief Minister Shri. Manohar Lal said that 9 years ago the sex ratio of girls in the state was 871. After this, successful campaigns like Beti Bachao-Beti Padhao were run and today the sex ratio of the state has reached 932. Chief Minister Manohar Lal further said that corruption, crime and caste-based politics have been eliminated in Haryana. The establishment of the Anti-Corruption Bureau has led to strict action against individuals involved in corrupt practices.**

Faridabad/Alive News

Chief Minister Shri Manohar Lal was answering questions in the 'Samvad' program at Manav Rachna University, Faridabad on Saturday.

The Chief Minister said that 22 January is a historic day for all of us. He stressed the importance of lighting lamps in every house on this day. Highlighting the achievements of the state government in the last nine years, the Chief Minister said that we have worked for the development of the common people with the spirit of Antyodaya. He said that he has understood the ground problems of the farmers and has worked to solve them.

Answering a question, Chief Minister Shri. Manohar Lal said that 9 years ago the sex ratio of girls in the state was 871. After this, successful campaigns like Beti Bachao-Beti Padhao were run and today the sex ratio of the state has reached 932. Chief Minister Manohar Lal further said that corruption, crime and caste-based politics have been eliminated in Haryana. The establishment of the Anti-Corruption Bureau has led to strict action against individuals involved in corrupt practices. He highlighted the continuous efforts to promote natural farming instead of traditional methods for the development of farmers.

He said that it is our moral duty to save water for the coming generations, hence we appealed to the farmers to reduce the paddy crop and also provided financial assistance to the farmers adopting alternative crops. He said that in the last 9 years we have given Rs 20 lakh. Assistance of Rs 11,000 crore to farmers.

Many dignitaries including the Union Minister of State for Power and Heavy Industries were present on this occasion. Krishnapal, State Transport Minister, Moolchand Sharma, Development and Panchayat Minister, Devendra Singh Babli, Rajya Sabha MP, Kartikeya Sharma, MLA, Seema Trikha, MLA, Narendra Gupta, MLA, Rajesh Nagar, Media Advisor to CM Rajiv Jaitley, Media Coordinator Mukesh Vashishtha. , BJP District President Rajkumar Vohra, Ajay Gaur, Gopal Sharma and other dignitaries were present.



## Faridabad Model School organized Health checkup Camp




Faridabad/Alive News

Faridabad Model School, Sector-31, organized health checkup on January 18, 2024. Doctors analyzed medical records from last session. And examined all the students thoroughly. Dr. Rashmi Chaudhary and Dr. Narendra Chaudhary also gave valuable information about maintaining a fit body.

Regarding their age group. students were advised Students were also briefed on overall health, importance of good nutrition, daily exercise and adequate sleep to maintain proper development and excellence in studies. Students were made aware about childhood obesity, lifestyle diseases and ways to prevent them and to pursue sports.

Harmful effects of junk food, aerated drinks and processed foods. 'Healthy students are better learners', the doctor stressed on the benefits of adhering to personal hygiene and physical exercise, to maintain a healthy body and strong mind.

## Haryana government to build a science city on 50 acres of land in Faridabad- Chief Minister

Faridabad/Alive News

Haryana Chief Minister said that there is a committed effort to increase education in science and technology in the state of Haryana. Haryana Government will set up a Science City on 50 acres in Faridabad or Gurugram district to promote new scientific research and innovations. Currently the search for suitable land is going on. The Chief Minister addressed as the chief guest during the closing ceremony of the 9th India International Science Festival held at THSTI Biotech Institute, Faridabad on Saturday.

He said that today Haryana has got the opportunity to host this 9th Science Festival. Congratulating for the successful organization of the event, he highlighted the participation of students, teachers, researchers, scientists, entrepreneurs, teachers, startups and international delegates in the Science Festival. He appreciated all the participants and their contribution.



To promote science education, the work of establishing science clubs is going on in 10 government senior secondary schools of each district. These science clubs will play an important role in promoting scientific temper and awareness among young students. Exposure visits are organized to increase the interest of meritorious students in science. During these trips, students are taken to various science centers and science cities across the country to introduce them to scientific research. Exceptional scientists in the state are honored with the Haryana Vigyan Ratna and Yuva Vigyan Ratna awards.

On this occasion, the Minister of Higher Education, MoolChand Sharma, addressed the gathering. Several dignitaries, including MLA, Seema Trikha and MLA, Sh. Narendra Gupta from Faridabad, besides numerous scholars and students, attended the program.

## J.C. Bose University organized Job Fair for aspiring students

Faridabad/Alive News

J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, and the innovative RB Perfect Group orchestrated a Job Fair aimed at connecting aspiring graduates with promising career opportunities. This collaborative initiative brought together a diverse talent pool and industry leaders, creating a dynamic platform for mutual growth.

The Job Fair, open to graduates from all disciplines, witnessed an overwhelming response from the youth, reflecting their eagerness to explore and embark on promising career paths. Prof. Rajesh Ahuja, the Training and Placement Officer, expressed his satisfaction with the event, highlighting the active participation of 50 esteemed companies.



The Job Fair was not just about the number of participating companies but the impressive salary packages ranging from 3 LPA to 10 LPA offered by participating companies. Prof. Ahuja emphasized the transformative impact of such initiatives and stated that the Job Fair served as a bridge between the academic excellence of our students and the dynamic demands of the professional world.

## JC Bose University celebrated Lohri and Makar Sankranti



Faridabad/Alive News

JC Bose University of Science and Technology celebrated Lohri and Makar Sankranti celebrations with great fervour. The University's Staff Club organized a special program for staff members, which was presided over by Vice-Chancellor Prof. SK Tomar.

The event was celebrated with bonfire, folk songs, cultural performances, DJ, and fun games. The staff members were totally absorbed in the festive spirit of the festival and took part in the celebrations enthusiastically. Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar said that it is important to keep the traditions alive with festivals.

Sweety Tomar, the custodian of the Staff Club also spoke on this occasion. Dean Institutions Prof. Sandeep Grover, Vice-Presidents of Staff Club Prof. Sonia Bansal and Prof. Anju Gupta was also present on this occasion. Everyone thoroughly enjoyed the event and appreciated the effort put in by the Staff Club to make the day so memorable.

## DAV School NH-3 celebrated festival Lohri and Makar sakranti




Faridabad/Alive News

DAV Public School NIT NH-3, Student of classes Nursery to II celebrated the auspicious festival of Makar Sankranti on Friday .On the virtual platform of Lohri with the same enthusiasm and excitement as they do in the school campus. They were ready for it. The ceremony started with the speech given by Avika and Rahul Gandhi.

Viraj of Class II highlights the importance of Lohri and Makar Sankranti. Class LKG recited a beautiful poem explaining the importance of Dhairya Parv. Gave a short video and presentation about the festival. Distribution of peanuts, rewari, popcorn etc. was also depicted in the Prasad.

Students also prepared Lohri bonfire crafts at different levels using twigs, ice cream. Shivanshika of class I danced to the tune of Bhangra. During the session students sang traditional Lohri songs (Sunder Mundriya). Enjoyed dancing on folk songs, which enlivened the session. In the end the school principal Jyoti Dahiya gave her blessings. Best wishes to all. Also wished the students happy Lohri and Makar Sankranti.

## Ideal school Agwanpur celebrated Republic Day



Faridabad/Alive News

Ideal Public School Agwanpur the campus was filled with the tricolor on 26January 2024. On this auspicious day teachers, students and management group celebrate 75th Republic Day.

On occasion Guest Ward number 26 Social worker Ravikant Bhadana along with Somlata Bhadana, school chairman Rakesh Bhadana, School Operating Director Dr. Sudesh Bhadana, Principal Rita Khana hoisted our national flag.

The school had also organized a banquet for the Class 10 students to seek God's blessings. On this occasion, teachers told the students in detail about the importance of Republic Day.

## DAV School-49 celebrated Republic Day with great enthusiasm



Faridabad/Alive News

DAV Public School, Sector-49, celebrated Republic Day with great fervour and enthusiasm. The day commenced with the solemn unfurling of the National Flag by our esteemed Principal, Rajan Gautam, symbolizing our reverence and respect for the nation.

A captivating cultural programme unfolded in the auditorium, showcasing the rich tapestry of our diverse culture and heritage. Students, adorned in traditional attire, enthralled the audience with their performances and melodious musical renditions that resonated with the patriotic fervor of the day.

In a special address, the Principal emphasized the importance of the Constitution and urged students to understand and uphold their rights and duties as responsible citizens of the nation. The Republic Day celebrations concluded on a high note with the singing of the National Anthem, evoking a sense of pride and unity among all present.

## DAV National Sports-Cricket Tournament concludes



Faridabad/Alive News

DAV Public School, Sector-37 organized DAV National Sports-Cricket Tournament (Boys) held from 8th to 10th January, 2024 This prestigious tournament saw participants from 16 different states across the country. Which included 615 players, who competed in the U14/U17 and U19 categories.

The winners proudly received their trophies and medals during the award distribution ceremony held at DAV. Public School, Sector 37, Faridabad on 10 January 2024. The players encouraged each other as they stepped forward to receive the awards from the school principal, Ms. Deepti Jagota, who in her address praised the DAV stars for their stellar performance.

He further said that sports is just like life, where winning and losing are two sides of the same coin but true happiness is just loving the game and trying your best. The program concluded with peace recitation.

# Awards distributed to players of cricket competition in DAV School-37

**The function organized in the school started with a speech. During this, students were told about the importance of sports. Students were told that in today's era, along with studies, sports are also very important. The utmost importance of making sports an integral part of our lives was emphasized. When young achievers received trophies and medals for their unique sporting skills.**

Faridabad/Alive News



A prize distribution ceremony was organized at DAV Public School, Sector 37, on Friday. This prize distribution ceremony was guided by the school principal Deepti Jagota. During this, students were motivated to participate in sports competitions.

The function organized in the school started with a speech. During this, students were told about the importance of sports. Students were told that in today's era, along with studies, sports are also very important. The utmost importance of making sports an integral part of our lives was emphasized. When young achievers received trophies and medals for their unique sporting skills.

School Principal Deepti Jagota said that in Under-14, the Jharkhand team won, while the Delhi team was the first runner up and the Haryana team was the second runner up. In Under 17, Punjab team was victorious, while Haryana team was first runner up and Uttar Pradesh team was second runner up. In Under 19, the team of Bihar and Sikkim was victorious, the team of Jharkhand was the first runner up and the team of Punjab was the second runner up. She congratulated the players. The ceremony ended with peace recitation.

# ADVT.















Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448